पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

*(एक महारत्न कंपनी)*



## श्री राजेश कुमार अग्रवाल

निदेशक (वित्त)

54 वर्षीय, श्री राजेश कुमार अग्रवाल, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) में निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत हैं। इस नियुक्ति से पूर्व, ये पीएफसी में कार्यपालक निदेशक (वित्त) के पद पर आसीन थे।

इनका करियर विद्युत और वित्तीय क्षेत्रों में 31 वर्षों से अधिक के उत्कृष्ट अनुभव से परिपूर्ण है। इन्होंने वाणिज्य (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है और ये इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य हैं।

पीएफसी में वर्ष 2009 से अपने कार्यकाल के दौरान, इन्होंने विभिन्न क्रॉस-फंक्शनल टीमों का नेतृत्व किया और निगमित लेखा, कराधान, निधि प्रबंधन एवं बैंकिंग, ऋण नीति अनुपालन, पुनर्गठित परिसंपत्ति प्रबंधन, निधि जुटाव और ऋण संवितरण जैसे विविध क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त है। ये डिजिटल सुधारों को गति प्रदान करने और वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। साथ ही, ये विभिन्न पेशेवर मंचों पर एक प्रतिष्ठित वक्ता भी हैं।

पीएफसी से पूर्व, इन्होंने विद्युत क्षेत्र की अन्य प्रमुख कंपनियों जैसे एनटीपीसी लिमिटेड, एनपीसीआईएल और डीटीएल में कार्य करते हुए कोर फाइनेंस कार्यों के साथ-साथ टैरिफ मामलों, पीपीए वार्ताओं और विद्युत क्षेत्र में अहलूवालिया समिति सुधारों के कार्यान्वयन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अनुभव प्राप्त किया है।

# पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

*(एक महारत्न कंपनी)*

1 मई 2026 की स्थिति के अनुसार, अन्य संस्थाओं में धारण किए गए पदों का विवरण निम्नलिखित है:

| **क्र.सं.** | **संस्था का नाम** | **पदनाम** |
|---|---|---|
| 1 | आरईसी लिमिटेड | नामिती निदेशक |
| 2 | पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड | निदेशक |
| 3 | पीएफसी इंफ्रा फाइनेंस आईएफएससी लिमिटेड | निदेशक |
| 4 | पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड* | निदेशक |
| 5 | देवघर मेगा पावर लिमिटेड* | निदेशक |
| 6 | देवघर इंफ्रा लिमिटेड* | निदेशक |

*वर्तमान में कंपनियां स्ट्राइक-ऑफ की प्रक्रिया में हैं।